भाऊराव देवरस सेवा न्यास

# छात्राओं के लिए आवश्यक जानकारी एवम् आचार नियमावली

## उपस्थिति एवं छात्रवृत्ति विषयक:

03.12.21

१.मासिक छात्रवृत्ति प्राप्त करने हेतु 95%उपस्थिति आवश्यक है। उपस्थिति की गणना में आनलाइन कक्षाओं,PDसत्रों तथा प्रकल्प द्वारा बुलाई गई सभी मीटिंग्स में उपस्थिति सम्मिलित है।

२.यदि आप किसी कारणवश कोई कक्षा या मीटिंग में सम्मिलित नहीं हो सकते हैं तो आपको अपने अभिभावक द्वारा हस्ताक्षरित प्रार्थनापत्र whatsapp ग्रुप पर भेजना अनिवार्य है परन्तु ध्यान रहे कि यह आपकी उस दिन की उपस्थिति को सुनिश्चित नहीं करता है।

३.प्रतिदिन की कक्षा के उपरान्त स्वयं अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करवाना आपका दायित्व है।

४.यदि किसी छात्रा की उपस्थिति लगातार 3महीनों तक 75%से कम है तो उसकी छात्रवृत्ति स्थाई रूप से बंद कर दी जाएगी।

५.प्रत्येक माह की उपस्थिति पंजिका तैयार कर अगले माह के प्रथम सप्ताह में सभी छात्राओं, अध्यापकों, अभिभावकों एवं प्रतिपालकों(mentors)को भेजी जाएगी।

६.प्रथम छमाही अर्थात नवंबर' 2021 से अप्रैल 2022 तक छात्रवृत्ति की राशि ₹1000 प्रति माह, पश्चात छात्रा के प्रदर्शन के आधार पर बढ़कर ₹2000मासिक रहेगी। इससे संबंधित सभी निर्णयों पर प्रकल्प संचालन समिति का अधिकार होगा।

## गृहकार्य एवं परीक्षा विषयक:

सभी छात्राओं के लिए यह अनिवार्य है कि वे सौंपे गए कार्य को नियत समय में पूरा कर whatsapp पर भेजें तथा सभी परीक्षाओं में अवश्य सम्मिलित हों। छात्रवृत्ति की गणना के समय इनका भी संज्ञान लिया जाएगा।

## स्टूडेंट आफ द मंथ:

प्रत्येक माह एक छात्रा का 'स्टूडेंट ऑफ द मंथ' के रूप में चयन किया जाएगा।यह चयन प्रक्रिया छात्रा विशेष के उपस्थिति रिकॉर्ड, गृहकार्य एवं परीक्षा रिपोर्ट, व्यवहार,अनुशासन आदि बिंदुओं के समग्र मूल्यांकन पर आधारित होगी।'स्टूडेंट ऑफ द मंथ' से सम्मानित छात्रा को ₹500 मासिक छात्रवृत्ति के अतिरिक्त प्राप्त होंगे।

**सभी छात्राओं व उनके अभिभावकों से विशेष अनुरोध है कि कृपया प्रकल्प के किसी भी सदस्य से बातचीत में शिष्ट भाषा का ही प्रयोग करें।**

**संयोजक:**
**महामना शिक्षण संस्थान**
**बालिका प्रकल्प**